प्रेस को सूचना नोट [प्रेस विज्ञप्ति संख्या 30/2022]

<u>तत्काल प्रकाशन के लिए</u>

<u>भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण</u>

भादूविप्रा ने 'आईएमटी/5जी के लिए पहचाने गए फ्रीक्वेंसी बैंड में स्पेक्ट्रम की नीलामी' पर 11 अप्रैल 2022 की अपनी पूर्व अनुशंसाओं के संबंध में दूरसंचार विभाग से प्राप्त संदर्भ पर अपनी प्रतिक्रिया जारी की

नई दिल्ली, 9 मई 2022- भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 'आईएमटी/5जी के लिए पहचाने गए फ्रीक्वेंसी बैंड में स्पेक्ट्रम की नीलामी' पर 11 अप्रैल 2022 की अपनी पूर्व अनुशंसाओं के संबंध में दूरसंचार विभाग से प्राप्त संदर्भ पर अपनी प्रतिक्रिया जारी की हैं।

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने अपने संदर्भ दिनांक 13 सितंबर 2021 के माध्यम से, अन्य बातों के साथ-साथ, भादूविप्रा से अनुरोध किया था कि वह लागू आरक्षित मूल्य, बैंड योजना, ब्लॉक आकार, नीलामी किए जाने वाले स्पेक्ट्रम की मात्रा और आईएमटी/5 जी के लिए 526-698 मेगाहर्ट्ज, 700 मेगाहर्ट्ज, 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज, 1800 मेगाहर्ट्ज, 2100 मेगाहर्ट्ज, 2300 मेगाहर्ट्ज, 2500 मेगाहर्ट्ज, 3300 3670 मेगाहर्ट्ज और 24.25-28.5 गीगाहर्ट्ज़ बैंड स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए संबद्ध शर्तों पर अपनी अनुशंसाएँ प्रदान करे। प्राधिकरण ने विस्तृत परामर्श प्रक्रिया के बाद दिनांक 11 अप्रैल 2022 को आईएमटी/5जी के लिए पहचाने गए फ्रीक्वेंसी बैंड में स्पेक्ट्रम की नीलामी पर अपनी अनुशंसाएँ भेजी थीं।

29 अप्रैल 2022 के अपने 'बैक रेफ्रन्स' में, डीओटी ने 'आईएमटी/5जी के लिए पहचाने गए फ्रीक्वेंसी बैंड में स्पेक्ट्रम की नीलामी' दिनांक 11 अप्रैल 2022 की भादूविप्रा की कुछ अनुशंसाओं को अपनी टिप्पणियों/अवलोकन के साथ पुनर्विचार सिफारिशें के लिए, भादूविप्रा अधिनियम 1997 की धारा 11 के प्रावधानों, जैसा कि 2000 में संशोधित किया गया था, वापस संदर्भित किया था। इसके अलावा, डीओटी ने भादूविप्रा की कुछ अनुशंसाओं पर अपने विचार संलग्न किए और यह भी सूचित किया कि बाकी अनुशंसाएँ स्वीकार्य हैं।

दूरसंचार विभाग की टिप्पणियों की जांच के बाद भादूविप्रा ने 'बैक रेफ्रन्स' पर अपनी प्रतिक्रिया को अंतिम रूप दे दिया है। प्राधिकरण द्वारा प्रदान किए गए विचारों को भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर डाल दिया है।

किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए श्री एस.टी. अब्बास, सलाहकार (नेटवर्क, स्पेक्ट्रम एवं लाइसेंसिंग), भादूविप्रा से दूरभाष क्रमांक +91-11-23210481 और ईमेल: advmn@trai.gov.in पर संपर्क किया जा सकता है।

वी. रघुनंदन
सचिव, भादूविप्रा